न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी
(सूचना अधिकार अधिनियम 2005)
पीठासीन अधिकारी शिवप्रसाद एम. नकाते (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 53/2021 अपील सू.प्र.

उनवान

श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी जी 37 रीको 4 फेज, पुर रोड, भीलवाड़ा	**बनाम**	1. लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा 2. लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा
––अपीलार्थी		––प्रत्यर्थीगण

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :–प्रत्यर्थी की ओर से विभागीय प्रतिनिधि

निर्णय

दिनांक :08.09.2021

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा एवं लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 02.08.2021 को प्राप्त होकर निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क का पोस्टल ऑर्डर संख्या 52 एफ 390468 राशि 10.00 रूपये के साथ एक आवेदन दिनांक 21.06.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा को प्रेषित किया। उक्त आवेदन के बिन्दु संख्या 02 की सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा से संबंधित होने से लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा द्वारा उक्त आवेदन के बिन्दु संख्या 02 की सूचना उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 16.07.2021 को आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को विहित अधिनियम की धारा 6(3) के तहत अंतरित किया गया।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 11.08.2021 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थीगण को सूचना पत्र जारी किये गये तथा प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक 82416 दिनांक 12.08.2021 से एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक 20505 दिनांक 06.09.2021 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं –

1. अपीलार्थी के आवेदन–पत्र के बिन्दु संख्या 01 से चाही गयी आंशिक सूचना/जवाब निर्वाचन अनुभाग कार्यालय हाजा के पत्रांक 82288 दिनांक 16.07.2021 द्वारा अपीलार्थी को उपलब्ध करायी गयी है।

2. अपीलार्थी के आवेदन–पत्र के बिन्दु संख्या 01 व 02 से चाही गयी सूचना में से बिन्दु संख्या 01 की आंशिक एवं बिन्दु संख्या 02 की पूर्ण सूचना/जवाब नियमानुसार सूचना का अधिकार अनुभाग, कार्यालय हाजा के पत्रांक 20392 दिनांक 16.07.2021 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक अपीलार्थी को प्रेषित कर दी गयी है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रत्यर्थीगण द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित कर दिये जाने से अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक08.09.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

(शिवप्रसाद एम. नकाते)
जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपीलेट अधिकारी
भीलवाड़ा

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा